टिप्पणियाँ

# 1

# प्रकृति का अध्ययन : पेंसिल और रंग के द्वारा

## लक्ष्य

प्रकृति का अध्ययन करना यानी पेड़ों, चट्टानों, पत्तियों और फूलों जैसे विभिन्न तत्वों का अध्ययन करना और यह जानना कि उन्हें पेंसिल और रंग से कैसे चित्रित किया जाए।

## परिचय

प्रकृति को मोटे तौर पर प्राकृतिक परिवेश के रूप में जाना जाता है, जिसका अर्थ है खेत, घास के मैदान, नदियाँ, पेड़, वन्य जीवन। प्रकृति अधयन का मुख्य उद्देश्य मस्तिष्क को इन्हें देखने, निरीक्षण करने और इनका चित्रण करने के लिए प्रशिक्षित करना है। प्रकृति में रंग, बनावट, रूप और अनुपात की एक विस्तृत शृंखला है। हमारा मुख्य प्रयास इन्हें आवश्यक संतुलन और सुंदरता के साथ प्रस्तुत करना और प्रकृति से प्राप्त वनस्पतियों के साथ उनकी समानता को दर्शाना होना चाहिए। प्रकृति सदैव परिवर्तनशील है, इसलिए विभिन्न प्रकाश स्थितियों, समय और मौसमों में एक ही चीज़ का अवलोकन करना महत्वपूर्ण है।

प्रकृति में चीजों की अपार विविधता है; इसलिए आपके पास प्रेरणा की एक विस्तृत शृंखला है। इस पाठ में, हम प्रकृति से पेड़, फूल और पत्ते बनाने के बारे में सीखेंगे। आप अपनी इच्छानुसार प्रकृति के अन्य पहलुओं का चित्रण कर सकते हैं। प्रकृति के अध्ययन के लिए, विभिन्न क्षणों में फूलों, पेड़ों, पक्षियों आदि के रंगों और आकारों पर प्रकाश, छाया और अन्य वायुमंडलीय स्थितियों के प्रभाव को बारीकी से देखना और अवलोकन करना महत्वपूर्ण है।

## उद्देश्य

इस प्रायोगिक पाठ को पढ़ने के बाद आप :

- अपने हाथ से प्रकृति के तत्वों का चित्रण कर सकेंगे;

टिप्पणियाँ

- तत्वों को संतुलन और सामंजस्य में बना सकेंगे;
- प्रकृति का अवलोकन और रचना के लिए वस्तुओं का चयन कर सकेंगे;
- प्रकृति की विभिन्न वस्तुओं के रंगों और स्वरों का अवलोकन कर उन्हें चित्रित कर सकेंगे;
- विभिन्न तत्वों की बनावट की पहचान कर उन्हें विशेष देखभाल के साथ चित्रकला और रंगाई में प्रस्तुत कर सकेंगे;
- प्रकृति के तत्वों को अनुपात में व्यवस्थित कर सकेंगे;
- मानव निर्मित वस्तु और प्राकृतिक वस्तुओं के बीच अंतर कर सकेंगे;
- परिप्रेक्ष्य बनाना सीखेंगे और उन्हें चित्रकला में कर सकेंगे;
- संतुलित रचना बनाना सीखेंगे;
- पेंसिल से छायांकन (शेडिंग) करना सीखेंगे।

## वृक्ष अध्ययन


**आवश्यक सामग्री :** कागज, पेंसिल, ब्रश, ऐक्रेलिक/पोस्टर रंग।

**चरण 1:** एक पेड़ का निरीक्षण करें जिसका आप चित्र बनाना चाहते हैं। एक रेखा खींचे और पत्ते खींचकर पेड़ का सामान्य आकार बनाएँ। इसके बाद, मुख्य शाखाएँ बनाने के लिए कुछ रेखाएँ जोड़ें। तनों और शाखाओं को नीचे की तरफ मोटा और सिरे की तरफ पतला बनाना है। अब मुख्य शाखाओं से निकलने वाली छोटी शाखाएँ बनाएँ। (चित्र 1.1 देखें)



चित्र 1.1

**चरण 2:** प्रकाश के अनुसार तने और शाखाओं पर भूरे रंग के शेड्स जोड़ें। (चित्र 1.2 देखें)



चित्र 1.2

**चरण 3:** प्रकाश के अनुसार पत्तों को हरे रंग के विभिन्न शेड्स में रंगें। चित्र 1.3 देखें)



चित्र 1.3

**चरण 4:** पत्तियों के विवरण और छाल की बनावट को उजागर करने के लिए गहरे रंग जोड़ें। (चित्र 1.4 देखें)



चित्र 1.4

## पुष्प अध्ययन

**आवश्यक सामग्री :** पेंसिल 2बी, 4बी, 6बी और कागज़


**चरण 1:** सबसे पहले कागज के मध्य भाग में चित्र बनाना प्रारंभ करें। फिर गहराई बनाने के लिए एक दूसरे को ओवरलैप करते हुए पंखुड़ियाँ (लंबी और छोटी) बनाएँ। तने और पत्तियों का चित्र बनाएँ। चित्र 1.5 देखें)



चित्र 1.5

टिप्पणियाँ

**चरण 2:** 2बी पेंसिल का उपयोग कर पंखुड़ियों और तने के ऊपरी हिस्से में हल्के स्टोक्स में छायांकन करें। (चित्र 1.6 देखें)



चित्र 1.6

**चरण 3:** पुंकेसर, पत्तियों, फूल के पीछे और तने के अन्य हिस्सों को 4बी पेंसिल से डार्क शेडिंग का उपयोग करके हाइलाइट करें। जैसा कि चित्र 1.7 में दिखाया गया है।



चित्र 1.7

**चरण 4:** इसके बाद त्रि-आयाम के साथ आवश्यक स्वरूप देने के लिए छायांकन करके ड्राइंग को पूरा करें। (चित्र 1.8 देखें)




चित्र 1.8

## पर्ण अध्ययन

**आवश्यक सामग्री :** पेंसिल, पेस्टल और कागज।

**चरण 1:** पत्तों का ध्यानपूर्वक अवलोकन करें। एक गुच्छा बनाने के लिए लंबी, छोटी, चौड़ी और एक-दूसरे का किनारा मिलते हुए (ओवरलैप्ड) पत्तियाँ बनाएँ। चित्रण के मध्य भाग के नीचे और ऊपर तना बनाएँ; अन्य अंकुर और पत्तियाँ बनाएँ। (चित्र 1.9 देखें)




चित्र 1.9

**चरण 2:** प्रकाश के अनुसार हल्के, मध्यम और गहरे रंगों में पेंसिल से प्रारंभिक रंग भरना शुरू करें। (चित्र 1.10 देखें)



चित्र 1.10

**चरण 3:** रंग के गहरे टोन के साथ शेडिंग करें और रंग के अन्य शेड्स जैसे पीला, हरा, गहरा हरा, लाल और नीला के साथ मिलाएँ। (चित्र 1.11 देखें)



चित्र 1.11

टिप्पणियाँ

**चरण 4:** गहरे रंगों के साथ पर्णसमूह का विवरणात्मक कार्य (डीटेलिंग) करें। जैसा कि चित्र 1.12 में दिखाया गया है।



चित्र 1.12

## आपने क्या सीखा

- प्रकृति का अवलोकन।
- स्थान का विभाजन।
- पेंसिल द्वारा छायांकन के माध्यम से टोनल विविधता।
- प्रकृति अध्ययन में प्रकाश का प्रभाव।
- प्रकृति अध्ययन में जल रंग और रंगीन पेंसिल जैसे विभिन्न माध्यमों का प्रभाव।
- चित्रकला में बनावट, छायांकन और उसके रूपों को जानना।

## पाठांत प्रश्न

1. पेंसिल से एक पेड़ का चित्र बनाएँ।
2. प्रकृति का अवलोकन करते हुए बांस की पत्तियों का चित्र जलरंग में बनाएँ।
3. अपने आस-पास के किसी फूल वाले पौधे का अध्ययन करें और प्रकाश के प्रभाव को नोट करें।